2016

HINDI

(Major)

Paper : 6.2

(Bhashavijnan)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) 'व्यतिरेकी भाषाविज्ञान' किसे कहते हैं?

(ख) भाषा कैसे ध्वनि प्रतीकों की व्यवस्था है?

(ग) भाषा की सहज इकाई क्या है?

(घ) 'क्रिया पदबन्ध' का एक उदाहरण दीजिए।

(ङ) 'स्वर' एवं 'व्यंजन' ध्वनियों में किसी एक अंतर का उल्लेख कीजिए।

(च) 'प्राणत्व' की दृष्टि से 'छ' किस प्रकार की व्यंजन-ध्वनि है?

(छ) 'तैल' शब्द का मूल अर्थ क्या था?

2. संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) 'रूप' की परिभाषा प्रस्तुत कीजिए।

(ख) 'शब्द' और 'पद' का अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'अर्थोत्कर्ष' किसे कहते हैं? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(घ) इच्छासूचक और विस्मयादिबोधक वाक्य के एक-एक उदाहरण दीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) भाषा की उत्पत्ति के 'दैवी उत्पत्ति सिद्धांत' को क्यों अवैज्ञानिक कहा गया है?

(ख) भाषाविज्ञान के साथ व्याकरण का संबंध निरूपित कीजिए।

(ग) "भाषा पैत्रिक संपत्ति नहीं है।" इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'संबंधतत्त्व' और 'अर्थतत्त्व' क्या हैं?

(ङ) वाक्य-रचना में अन्वय की भूमिका को रेखांकित कीजिए।

4. भाषा को परिभाषित करते हुए उसकी प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

भाषाविज्ञान की परिभाषा देते हुए उसके विविध प्रकारों पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

5. 'स्वर' किसे कहते हैं? विविध आधारों पर स्वर ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए। 10

अथवा

'व्यंजन' को परिभाषित करते हुए उच्चारण स्थान और प्रयत्न के आधार पर व्यंजन ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए।

6. 'अर्थ' को परिभाषित करते हुए अर्थ-परिवर्तन के विभिन्न कारणों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए। 10

अथवा

'वाक्य' किसे कहते हैं? वाक्य-रचना में परिवर्तन के कारणों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

★★★